भारत सरकार
श्रम एवं रोजगार मंत्रालय
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4698

सोमवार, 23 मार्च, 2020/3 चैत्र, 1942 (शक)

ऑपरेशन स्माइल

4698. कुंवर दानिश अली:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) 'ऑपरेशन स्माइल' या 'ऑपरेशन मुस्कान' के अंतर्गत कितने बच्चे छुड़ाए गए हैं;

(ख) इस संबंध में कुल कितनी प्राथमिक सूचना रिपोर्टें (एफआईआर) दर्ज की गई हैं; और

(ग) छुड़ाए गए कितने बच्चे वापस अपने परिवारों के पास चले गए हैं?

उत्तर
श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क) से (ग): गृह मंत्रालय से प्राप्त सूचना के अनुसार, पूर्व में कई राज्य सरकारों द्वारा ऑपरेशन स्माइल/ऑपरेशन मुस्कान का आयोजन किया गया था। इस संबंध में किसी प्रकार का केंद्रीय डेटा संकलित नहीं किया जाता है।

****